# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–17 मई 2025** **सान्ध्य समाचार**

सरकार पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के उद्देश्य से सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में भेज रही है। ये प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों समेत प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे। इन प्रतिनिधिमंडलों में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, प्रमुख राजनीतिक व्यक्तित्व और प्रतिष्ठित राजनयिक शामिल होंगे। इस बीच, मीडिया से बातचीत में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भारत का सामूहिक संकल्प दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहने के महत्व को रेखांकित करेगा।

**********

सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेफ्टिनेंट जनरल कनवल जीत सिंह ढिल्लों ने सशस्त्र बलों को 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए बधाई देते हुए कहा है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने आकाशवाणी संवाददाता से बातचीत में 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रशंसा की।

***जय हिंद देशवासियों, आज जब भारतवर्ष में यह प्रण किया कि हम अपनी भूमि पर आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे और ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और फिर पाकिस्तान द्वारा लड़ाई को बढ़ावा देने के बाद उनके एयर बेसिस को बर्बाद किया। इस वक्त मैं वर्दी में नहीं हूं, लेकिन दिल से मैं आज भी भारतवर्ष का एक सच्चा सिपाही हूं। देश का सैनिक होने के लिए वर्दी पहनना जरूरी नहीं है। दिल से देश के उज्ज्वल भविष्य की कामना होनी चाहिए। जय हिंद***

**********

भारतीय सेना के प्रति सम्मान और एकजुटता दिखाने के लिए प्रदेश भर में भारतीय शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन जारी है। इसी क्रम में आज केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के नेतृत्व में महराजगंज जिले में, जबकि केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान की अगुवाई में गोरखपुर जिले में तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रदेश के फिरोजाबाद, बागपत, गौतमबुद्धनगर और बलरामपुर जिलों में भी भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आयुष विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि प्रदेश के प्रत्येक मण्डल में एक इंटीग्रेटेड आयुष महाविद्यालय की स्थापना की जाय जिसमें आयुर्वेद और यूनानी होम्योपैथ सहित आयुष की सभी पद्धतियों की सुविधा एक ही परिसर में उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि यह प्रयास न केवल आयुष चिकित्सा पद्धति को सुदृढ़ करेगा बल्कि भविष्य की स्वास्थ्य आधारित शिक्षा प्रणाली को भी सशक्त बनायेगा।

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति को जन–जन तक पहुंचाने के लिये मिशन मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आयुष संस्थानों में नेचुरोपैथी और योग सेंटर की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाय और सभी स्वीकृत शैक्षणिक और चिकित्सकीय पदों को समय से भरा जाय। उन्होंने जिलों में सरकारी या पीपीपी मोड में संचालित होने वाले हेल्थ एण्ड वेलनेश सेंटर शुरू करने पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिये अभी से तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मण्डलों, जनपदों, नगर निकायों, ग्राम पंचायतों और सरकारी विभागों में योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। इसके लिये प्रत्येक जनपद में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए जो जन सामान्य को योग प्रशिक्षण दे सकें। समाचार कक्ष से मैं अरूण।***

**********

आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप से संबंधित खतरों के बारे में जागरूकता बढाना और इससे बचने के उपायों का प्रचार करना है। इस वर्ष का विषय है – अपने रक्तचाप को सही तरीके से मापे, नियंत्रित करें और जीएं लंबा जीवन। इस अवसर पर वाराणसी के बरेका स्थित केन्द्रीय चिकित्सालय में महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेश कुमार के नेतृत्व में नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

**********

प्रदेश के कई जिलों में कल शाम हुई आंधी–बारिश के बाद आज सुबह भी गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया सहित पूर्वांचल के कई जिलों में हल्की बारिश हुयी। हालांकि दोपहर में फिर धूप निकल गयी। मौसम विभाग ने आगामी तेइस मई तक पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की बारिश की सम्भावना जतायी है। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी–बारिश और ओलावृष्टि को देखते हुए सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें और राहत कार्य पर नजर रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आकाशीय बिजली, आंधी, तूफान और बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण सुनिश्चित किया जाए।

**********